भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 3719

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 16 मार्च, 2026

25 फाल्गुन, 1947 (शक)

एनएमएमए और संग्रहालय अनुदान योजना

3719. **श्री सुधीर गुप्ताः**
श्री सौमित्र खानः
श्री चिन्तामणि महाराजः
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः
श्री लुम्बाराम चौधरीः
श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतरावः
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः
श्री शिवमंगल सिंह तोमरः
श्रीमती स्मिता उदय वाघः

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में, विशेषकर बिष्णुपुर और जलगाँव लोक सभा क्षेत्रों तथा छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में, राष्ट्रीय स्मारक और पुरावशेष मिशन (एनएमएमए) के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा प्रलेखित और डिजिटलीकृत किए गए स्मारकों और पुरावशेषों की संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) संग्रहालयों के आधुनिकिकरण, संरक्षण, सुरक्षा और संग्रह के डिजिटलीकरण हेतु अनुदान सहायता के माध्यम से उन्हें सुदृढ़ करने के लिए उठाये गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) एनएमएमए और संग्रहालय अनुदान योजना के तहत वित्तीय आवंटन, जारी की गई राशि और उसके उपयोग का वर्ष-बार, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और पश्चिम बंगाल में जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या उक्त योजना के तहत संरक्षण मानकों, आगंतुक जुड़ाव, आउटरीच कार्यक्रमों और संग्रह तक डिजिटल पहुंच में सुधार का आकलन करने के लिए कोई मूल्यांकन किया गया है और यदि हाँ, तो आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के परिणामों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): राष्ट्रीय संस्मारक एवं पुरावशेष मिशन (एनएमएमए) ने अब तक देश के 11,406 असुरक्षित स्मारकों (निर्मित विरासत और स्थलों) और 12,48,775 पुरावशेषों का दस्तावेजीकरण किया है।

विगत 3 वर्षों के दौरान, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में राज्य-वार आंकड़े **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

(ख): संस्कृति मंत्रालय, संग्रहालय अनुदान योजना का संचालन करता है जिसके तहत नए केंद्रीय/राज्य संग्रहालयों की स्थापना, मौजूदा संग्रहालयों के विकास/आधुनिकीकरण/संग्रहालय संग्रहों का डिजिटलीकरण, आभासी संग्रहालयों की स्थापना और संग्रहालय पेशेवरों के प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह सहायता क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर पर अवस्थित उन संग्रहालयों के लिए है जिनका प्रबंधन केंद्र/राज्य सरकारों, समितियों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों और सोसाइटी अधिनियम के तहत पंजीकृत ट्रस्टों द्वारा किया जाता है, इसमे आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र राज्य भी शामिल हैं।

(ग): वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय संस्मारक एवं पुरावशेष मिशन को 30 लाख रुपये की एक समेकित राशि आवंटित की गई है। विगत तीन वर्षों के दौरान, पश्चिम बंगाल राज्य में संग्रहालय अनुदान योजना के तहत जिले-वार और राज्य-वार राशि आवंटन और उपयोग का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ): राष्ट्रीय संस्मारक एवं पुरावशेष मिशन, नियमित रूप से जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यशालाएं आयोजित करता है और प्रलेखन कार्य में तेजी लाने के लिए प्रत्येक राज्य में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्रीय कार्यालयों और राज्य स्तरीय कार्यान्वयन समितियों के साथ सहयोग करते हुए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, गैर सरकारी संगठनों और अन्य इच्छुक संगठनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

उपर्युक्त के संबंध में सार्वजनिक पहुंच के लिए डिजिटलीकृत आंकड़ा राष्ट्रीय संस्मारक एवं पुरावशेष मिशन की वेबसाइट http://nmma.nic.in पर उपलब्ध है।

अनुबंध- I

लोकसभा में दिनांक 16.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3719 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित अनुबंध

विगत 3 वर्ष (2023-2025) के दौरान डिजिटलीकृत आंकड़ों की रिपोर्ट

राज्य का नाम	वर्ष -2023	वर्ष-2024	वर्ष-2025
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0
आंध्र प्रदेश	212	0	304
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0
असम	364	0	935
बिहार	1325	0	607
चंडीगढ़	0	0	0
छत्तीसगढ़	0	0	0
दादरा और नागर हवेली	0	0	0
दमन और दीव	0	0	0
दिल्ली	515	0	1050
गोवा	0	0	0
गुजरात	0	2	372
हरियाणा	0	0	316
हिमाचल प्रदेश	0	0	0
जम्मू और कश्मीर	47	0	0
झारखंड	0	0	0
कर्नाटक	1	2	0
केरल	0	0	412
लक्षद्वीप	0	0	0
मध्य प्रदेश	490	0	737
महाराष्ट्र	865	0	572
मणिपुर	0	0	0
मेघालय	0	0	0
मिजोरम	0	0	0
नागालैंड	0	0	0
ओड़ीसा	89	0	491
पुदुचेरी	0	0	0
पंजाब	0	0	0
राजस्थान	500	773	173
सिक्किम	0	0	0
तमिलनाडु	62	0	298
तेलंगाना	1	0	0
त्रिपुरा	0	0	0
केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख	0	0	0
उत्तराखंड	0	0	45
उत्तर प्रदेश	11	0	1133
पश्चिम बंगाल	766	0	4243

अनुबंध-II

लोकसभा में दिनांक 16.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3719 के उत्तर के भाग (क) में संदर्भित अनुबंध

विगत तीन वित्तीय वर्ष (2023-2025) के दौरान संग्रहालय अनुदान योजना के तहत जारी की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	राज्य	जिला	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	उपयोग की गई निधि
1	आंध्र प्रदेश	अनंतपुर	आंध्र प्रदेश सरकार, पद्मश्रीकल्लूरी सुब्बाराव स्मारक जिला पुरातत्व संग्रहालय अनंतपुर	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	572.00	-	286.00	-	572.00
2		विशाखापत्तनम	आंध्र प्रदेश विज्ञान नगरी, आंध्र प्रदेश सरकार, कैलासगिरी (डोवरी) कोंडा), विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	375.20	58.467	-	-	58.467
3		गोदावरी	पुरातत्व और संग्रहालय, आंध्र प्रदेश सरकार, रल्लाबंदीसुब्बा राव पुरातत्व पूर्वी गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	140.043	-	-	140.043
4	अरुणाचल प्रदेश	जाइरो	सांस्कृतिक कार्य का विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ज़िला संग्रहालय, ज़ीरो , अरुणाचल प्रदेश	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	720.00	-	-	21.698	21.698
5	गुजरात	राजकोट	राजकोट , राजित विला पैलेस, पैलेस रोड, राजकोट, गुजरात	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	500.00	125.00	125.00	-	500.00
6	कर्नाटक	शिवमोग्गा	शिवप्पानायक संग्रहालय और अनुसंधान ब्यूरो, श्री बेक्कीनाकलमाथा , शिवमोग्गा कर्नाटक	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	300.00	75.00	-	-	225.00
7	लेह और लद्दाख	लेह	डेस्किड कल्चरल एंड वेलफेयर सो	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	435.04	108.76	-	-	326.28

क्र.सं.	राज्य	जिला	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	उपयोग की गई निधि
			साइटी, डेस्किड , गोंपा , लद्दाख							
8	मध्य प्रदेश	विदिशा	स्थानीय पुरातत्व संग्रहालय, सिरोंज , विदिशा , मध्य प्रदेश विरासत विकास न्यास, पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय, बाणगंगा रोड, भोपाल	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	152.80	22.90	-	-	91.68
9	महाराष्ट्र	मुंबई	फंडस एंड प्रॉपर्टीस आफॅ पर्टीपंचायत बॉम्बे, ऑफ़ फ्रामजीदादाभाईअल्पीवाला संग्रहालय, डॉ. दादाभाई नौरोजी रोड, फोर्ट, मुंबई	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	-	64.48	100.00	400.00
10		पुणे	सिम्बायोसिस सोसाइटी एशियाई फॉर डेवलपमेंट ऑफ कल्चरल संग्रहालय के विकास , पुणे	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	35.615	17.807	8.90	8.90	35.615
11	मणिपुर	इम्फाल	राज्य पुरातत्व, मणिपुर सरकार इम्फाल , मणिपुर कंगला किले, मणिपुर के अंदर 3 गैलरी के लिए	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	435.51	-	108.87	-	326.632
12		थौबल	खोंगजोम युद्ध स्मारक ट्रस्ट खोंगजोमबाजार, खोंगजोम पुलिस स्टेशन के सामने, थौबल जिला, मणिपुर	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	500.00	-	125.00	-	375.00
13		चंदेल	अनलोन क्रिश्चियन डेवलपमेंट कमेटी , चंदेल , मणिपुर		नए संग्रहालय की स्थापना	449.166	-	224.58	-	226.87
14	मिजोरम	लुंगलेई	जिला संग्रहालय, लुंगलेई , निदेशक कला एवं संस्कृति विभाग, चनमारी	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	827.217	-	206.807	-	827.217

क्र.सं.	राज्य	जिला	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	उपयोग की गई निधि
			, आइजोल							
15	ओडिशा	भुवनेश्वर	जे. डी. सेंटर ऑफ आर्ट, वीआईपी कॉलोनी, नयापल्ली , भुवनेश्वर	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	621.60	-	35.352	57.887	497.28
16	राजस्थान	जयपुर	महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय, सिटी पैलेस, जयपुर राजस्थान		मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	-	1.00	-	127.074
17	तेलंगाना	हैदराबाद	सालार जंग संग्रहालय, हैदराबाद, तेलंगाना	संस्कृति मंत्रालय का स्वायत्त निकाय	आभासी अनुभवात्मक संग्रहालय	33.00	-	33.00	-	18.466
18	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज	इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज , उत्तर प्रदेश	उच्च न्यायालय	मौजूदा संग्रहालय का विकास	20.976	-	10.488	-	15.731
19		वृंदावन	वीआरआई ब्रज संस्कृति संग्रहालय, वृंदावन रिसर्च इंस्टीट्यूट। रमन रेती मार्ग, वृंदावन , मथुरा। उत्तर प्रदेश	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	340.304	-	-	170.52	271.459
20	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	महानिदेशालय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) (पूर्वी कमान), कोलकाता	सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	648.71	-	154.839	-	479.189
21	दिल्ली	दक्षिण पूर्व	इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस, ईस्ट ऑफ कैलाश (इस्कॉन), नई दिल्ली	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	200.00	-	-	200.00

विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान संग्रहालय अनुदान योजना के अंतर्गत संग्रहालयों के संग्रह को डिजिटलीकरण के तहत जारी की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा

(लाख रुपये में)

क्र.सं.	राज्य	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	स्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष 2022 - 23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	उपयोगितक की गई निधि
1.	कर्नाटक	बसवा समिति, बसवा भवन, श्री बसवेश्वर रोड, बेंगलुरु-560001	एनजीओ	25.00	12.50	-	-	12.5

*****